# सवा लाख करोड़ के निवेश के लिए उद्योगपति तैयार

## एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री यूपी-यूके की लीडरशिप समिट में जुटे देश-दुनिया के उद्योगपति

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। पांच सालों में वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था का लक्ष्य पूरा करने के लिए राजधानी व प्रदेश के उद्योगपतियों ने कमर कस ली है। इसकी बानगी है एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ यूपी-यूके की ओर से मंगलवार को आयोजित यूपी लीडरशिप समिट-2022। मलयेशिया, नार्वे समेत भारत के विभिन्न हिस्सों से बुलाए उद्योगपतियों के बीच एसोचैम-यूपी-यूके के सीईओ आरके सरन ने बताया कि यहां मौजूद उद्योगपति तत्काल सवा लाख करोड़ रुपये के निवेश के लिए तैयार हैं।

राजधानी के एक होटल में समिट का उद्घाटन उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने किया। उन्होंने निवेशकों को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं के हल के लिए अलग सेल काम कर रही है। उन्होंने कहा, अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रहा यूपी भारत में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। सीएम के शिक्षा सलाहकार प्रो. डीपी सिंह, एमएसएमई विभाग के सचिव प्रांजल यादव, सीआईआई चेयरमैन विनम्र अग्रवाल, शिल्पा सुरेवाला, संजय गुप्ता, राजीव कक्कड़, राजीव अरोड़ा, विनीत गुप्ता समेत जाने-माने उद्योगपतियों ने शिरकत की।

**निवेश मित्र पोर्टल पर जरूर करें रजिस्ट्रेशन :** मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी ने कहा, निवेश मित्र पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन जरूर कराएं। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी ने कहा कि प्रदेश में निवेशकों को हर सुविधा मिलेगी।

कारोबारियों को कैश नहीं क्रेडिट पर ध्यान देना होगा, जो भरोसेमंद व्यवहार से ही संभव है। उन्होंने सपा सरकार के समय गुंडागर्दी पर निशाना साधते हुए कहा, कारोबारियों पर हमले इसीलिए होते थे कि उनका हौसला टूटे और दूसरों के दिल में डर बैठाकर वसूली की जाए। अब सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जो माहौल बना है, उसमें गुंडे बहुत दूर चले गए हैं।

### उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी ने किया हर संभव मदद का वादा



राजधानी में एसोचैम यूपी-यूके की लीडरशिप समिट में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक को सम्मानित करते व्यापारी। -संवाद

### पहला निजी वॉर रूम प्रस्तावित

नंदी की मौजूदगी में चैंबर की इकोनॉमिक पॉलिसी एंड टैक्सेशन कमेटी के चेयरमैन मनीष खेमका और कोटक महिंद्रा बैंक के यूपी प्रमुख शशांक मिश्रा व दीपक कटियार ने एमओयू पर हस्ताक्षर किया। इसके तहत प्रदेश में अपनी तरह का पहला निजी क्षेत्र का टैक्स डिपॉजिट वॉर रूम बनाया जाना है। मौके पर औद्योगिक विकास मंत्री ने एसबीआई के मुख्य महाप्रबंधक अजय खन्ना और स्वच्छता की मुहिम चलाने वाले सुलभ इंटरनेशनल के संस्थापक बिंदेश्वरी पाठक को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड दिया।

### ये मांगें भी उठीं

एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ यूपी-यूके के चेयरमैन एलके झुनझुनवाला ने कहा, जिस जिले से निवेश और रोजगार ज्यादा हो उसे सम्मानित किया जाए।

- एसोचैम यूपी-यूके की इनवेस्टमेंट एंड इनफ्रास्ट्रक्चर कमेटी के चेयरमैन संजय सिन्हा ने कहा, हम अपनी नेटवर्किंग का इस्तेमाल प्रदेश में निवेशकों को लाने में कर रहे हैं और आगे भी करेंगे।
- समिट में एग्रीकल्चर ट्रैक्टर, साइकिल, साइकिल उपकरण, वूलेन मिल, प्रोसेसिंग व कास्टिंग, होजरी टेक्सटाइल, निटवियर, कैटल फीड, होटल, बायोफ्यूल, ट्रांसपोर्ट, एयर व वाटर पॉल्यूशन कंट्रोल आदि क्षेत्रों से जुड़े उद्योगपति शामिल हुए। अपना प्रस्ताव लेकर आए संदीप सक्सेना ने कहा, कृषि आधारित क्षेत्र में बहुत संभावना है। राम उग्राह शुक्ला ने बताया कि उद्यमी जैव ईंधन, सोलर एनर्जी आदि में मौका देख रहे हैं।

### यूपी में साइकिल नहीं, कृषि आधारित उद्योग में आजमाएंगे हाथ




हमारा कोई निवेश पंजाब के बाहर नहीं है। यूपी ने हमारी साइकिल का बहुत साथ दिया, पर इसका गढ़ पंजाब और लुधियाना है। यूपी में नियंत्रित होती कानून व्यवस्था, बुनियादी सेवाओं की उपलब्धता यह भरोसा दिलाती है कि हम यहां काम कर सकते हैं। यूपी में हम एग्रो बिजनेस में संभावनाएं देखते हुए यहां आए हैं। **- ओमकार सिंह पाहवा,** सीएमडी, एवन साइकिल

### संभावनाएं बहुत, यहां क्या करेंगे, इसका फैसला बाकी



उद्योग के लिए साफ-सुथरा और आसान माहौल चाहिए। यूपी जिस तरह से बढ़ रहा है, वह आश्चर्यजनक है। कानून-व्यवस्था में अच्छी प्रगति नजर आ रही है। यहां बहुत सी लोकेशन पर उद्योग लगाए जा सकते हैं। नोएडा में उपकरण के अलावा हम बीएमडब्ल्यू के लिए इंजन भी बना रहे हैं। अब अगला क्या बिजनेस होगा, यही देखने-समझने के लिए आए हैं और जल्द इस पर फैसला करेंगे। कैबिनेट मंत्री के साथ लंच के दौरान जब हमने कहा कि ई-साइकिल को यूपी की औद्योगिक नीति में प्राथमिकता दी जानी चाहिए तो उन्होंने तत्काल इसे बढ़ाने का निर्देश दिया। **-आदित्य मुंजाल,** सीएमडी, हीरो लेक्ट्रो ई-साइकिल


### महिला उद्योगपतियों की बढ़ी है स्वीकार्यता



खबरों पर नहीं, हम देखने पर यकीन करते हैं। यहां आकर लगा कि जो सुना वह सच है। हम पॉम ऑयल के बिजनेस में हैं। यहां का पर्यावरण इसके लिए अनुकूल है। बायोटेक्नोलॉजी में अपार संभावनाएं हैं। महिला उद्योगपतियों को लोग स्वीकार कर रहे हैं और अवसर देने में भी पीछे नहीं हैं।

**-भावना शाह,** मलेशियन पॉम ऑयल काउंसिल

### पूरी दुनिया में सुनाई दे रही यूपी की सफलता की कहानी



यूपी की सफलता की कहानी पूरी दुनिया में सुनाई दे रही है। ग्रीन टेक का उद्देश्य स्वच्छ पानी है। हम दुनियाभर में पानी शुद्ध करने में उपयोगी अत्याधुनिक उपकरण की आपूर्ति करते हैं। पैसे में हमारा निवेश शायद बहुत छोटा लगे, लेकिन हम क्या तकनीक मुहैया करा रहे हैं, यह मायने रखता है।

**-एडिअम नेगासी,** सीईओ, नॉर्वेजिएन ग्रीन टेक